/अयोध्या, 3 सितंबर 2019 दैनिक जागरण

# पद्मभूषण डॉ.राजेंद्र को मिलेगी मानद उपाधि

## एनडी कृषि विश्वविद्यालय में कल आयोजित होगा दीक्षा समारोह

संसू, अयोध्या : आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चार सितंबर को आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह में अंतर्राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक व ख्यातिलब्ध प्रशासक पद्मभूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक तथा प्रख्यात पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकीय वैज्ञानिक डॉ. परौदा को इससे पूर्व भिन्न-भिन्न 17 संस्थानों ने कृषि शोध में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद उपाधियां देकर सम्मानित किया गया है।



डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा

डॉ. परौदा को वर्ष 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने पदमभूषण से नवाजा था। वह वर्ष 2000 से 2001 तक इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1998 से 2000 तक नेशनल अकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस (नास) के अध्यक्ष तथा 1998 से 2001 के मध्य ग्लोबल फॉर्म एग्रीकल्चरल रिसर्च रोम के अध्यक्ष के रूप में वैश्विक कृषि को योगदान दे चुके हैं। हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट ट्रोपिक्स के जीन बैंक का नाम डॉ. परौदा के नाम पर रखा गया है।

वे वर्तमान में ट्रस्ट आफ एडवांसमेंट आफ एग्रीकल्चर साइंस एवं हरियाणा किसान आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रख्यात बोरलॉग अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह लगातार दूसरा अवसर है जब दो-दो महान कृषि वैज्ञानिक विश्वविद्यालय के दीक्षा मंच पर एक साथ नजर आएंगे। मीडिया प्रभारी उमेश पाठक ने बताया कि दीक्षा समारोह की तैयारी अंतिम दौर में हैं।

अमर उजाला

मंगलवार • 03.09.2019

# 21 वें दीक्षांत में डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को मिलेगी मानद उपाधि

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के 21वें दीक्षांत समारोह में अंतरराष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक व ख्यातिलब्ध प्रशासक पद्मभूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक तथा प्रख्यात पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकीय वैज्ञानिक डॉ परौदा को इससे पूर्व 17 संस्थानों द्वारा कृषि शोध में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को वर्ष 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति के आर नारायणन द्वारा पदम भूषण की उपाधि प्रदान की गई थी। डॉ परौदा वर्ष 2000 से 2001 तक इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। इससे पूर्व वर्ष 1998 से 2000 तक नेशनल अकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस (नास)के अध्यक्ष तथा 1998 से 2001 के मध्य ग्लोबल फॉर्म न एग्रीकल्चरल रिसर्च रोम के अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान वैश्विक कृषि को दे चुके हैं। डॉ आर एस परौदा के अतुलनीय योगदान के सम्मान में हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फ़ॉर सेमि सेमि रीड ट्रॉपिक्स के जीन बैंक का नाम डॉ परौदा के नाम पर रखा गया है।



डॉ.आरएस परौदा।

। मंगलवार • 3 सितम्बर • 2019 | सहारा

# दीक्षांत समारोह में पद्मभूषण डा. परौदा को मिलेगी मानद उपाधि

अयोध्या (एसएनबी)। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के 21वें दीक्षांत समारोह में अंतरराष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक व ख्यातिलब्ध प्रशासक पद्मभूषण डा. राजेंद्र सिंह परौदा को मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक तथा प्रख्यात पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकीय वैज्ञानिक डा. परौदा को इससे पूर्व 17 संस्थानों द्वारा कृषि शोध में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।

डा. राजेंद्र सिंह परौदा को वर्ष 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन द्वारा पदम् भूषण की उपाधि प्रदान की गई थी। डा. परौदा वर्ष 2000 से 2001 तक इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। इससे पूर्व वर्ष 1998 से 2000 तक नेशनल अकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस (नास) के अध्यक्ष तथा 1998 से 2001 के मध्य ग्लोबल फर्म एंड एग्रीकल्चरल रिसर्च रोम के अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान वैश्विक कृषि को दे चुके हैं।



डा. आरएस परौदा के अतुलनीय योगदान के सम्मान में हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्राप रिसर्च इंस्टीट्यूट फार सेमि रीड ट्रोपिक्स के जीन बैंक का नाम डा. परौदा के नाम पर रखा गया है।

डा. आरएस परौदा वर्तमान में ट्रस्ट आफ एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एवं हरियाणा किसान आयोग के अध्यक्ष हैं। डा. परौदा को कृषि के प्रख्यात बोरलग अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह लगातार दूसरा अवसर है जब दो-दो महान कृषि वैज्ञानिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंच पर एक साथ होंगे।

गत वर्ष 20वें दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. जेएस संधू ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डा. पंजाब सिंह तथा गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डा. पीएल गौतम को आमंत्रित किया गया था।

अयोध्या | मंगलवार | 03 सितम्बर, 2019 जनमोर्चा

# दीक्षांत समारोह में डा. परौदा को मिलेगी मानद उपाधि

फैजाबाद (अयोध्या)।

आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के 21वें दीक्षांत समारोह में अंतरराष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक व ख्यातिलब्ध प्रशासक पद्मभूषण डॉ राजेन्द्र सिंह परौदा को मानद उपाधि से विभूषित किया जायेगा।



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक तथा प्रख्यात पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकीय वैज्ञानिक डॉ परौदा को इससे पूर्व 17 संस्थानों द्वारा कृषि शोध में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें वर्ष 1998 में पदम् भूषण की उपाधि प्रदान की गई थी। डॉ आर एस परौदा के अतुलनीय योगदान के सम्मान में हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमि सेमि रीड ट्रोपिक्स के जीन बैंक का नाम डॉ परौदा के नाम पर रखा गया है। डॉ आर एस परौदा वर्तमान में ट्रस्ट आफ एडवांसमेंट आफ एग्रीकल्चर साइंस एवं हरियाणा किसान आयोग के अध्यक्ष है। डॉ परौदा को कृषि के प्रख्यात बोरलॉग अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

मंगलवार • 03 सितंबर 2019 हिन्दुस्तान

# डॉ. परौदा को समारोह में मानद उपाधि दी जाएगी

कुमारगंज | हिन्दुस्तान संवाद

## 21वां दीक्षांत समारोह कल

- कृषि शोध में योगदान पर कई उपाधियों से हो चुके हैं सम्मानित
- कृषि विश्वविद्यालय में दो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक होंगे मंच पर

आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के 21वें दीक्षांत समारोह में अंतर्राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक व ख्यातिलब्ध प्रशासक पद्मभूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक तथा प्रख्यात पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकीय वैज्ञानिक डॉ.परौदा को इससे पूर्व 17 संस्थानों द्वारा कृषि शोध में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. राजेंद्र सिंह परौदा को वर्ष 1998 में तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन द्वारा पदम्भूषण की उपाधि प्रदान की गई थी।

डॉ. परौदा वर्ष 2000 से 2001 तक इंडियन साइंस कांग्रेस एशोसिएशन के अध्यक्ष रहे। इससे पूर्व वर्ष 1998 से 2000 तक नेशनल अकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस (नास)के अध्यक्ष तथा 1998 से 2001 के मध्य ग्लोबल फॉर्म एंड एग्रीकल्चरल रिसर्च रोम के अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान वैश्विक कृषि को दे चुके हैं।

डॉ. आरएस परौदा के अतुलनीय योगदान के सम्मान में हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमि रीड ट्रोपिक्स के जीन बैंक का नाम डॉ. परौदा के नाम पर रखा गया है। डॉ. आरएस परौदा वर्तमान में ट्रस्ट आफ एडवांसमेंट आफ एग्रीकल्चर साइंस एवं हरियाणा किसान आयोग के अध्यक्ष हैं। डॉ. परौदा को कृषि के प्रख्यात बोरलॉग अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

यह लगातार दूसरा अवसर है जब दो दो महान कृषि वैज्ञानिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंच पर एक साथ होंगे। इससे पूर्व गत वर्ष 20वें दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. जेएस संधू ने भारतीय कृषिअनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डा. पंजाब सिंह व गोविंद वल्लभपंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीएल गौतम को आमंत्रित किया था।